हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

11 मार्केट कमेटी अटेली में गंदगी का अंबार...



12 नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान...



## खबर संक्षेप

### विवाहिता ने लगाया फांसी का फंदा

महेंद्रगढ़। गांव खेड़ा की 29 वर्षीय विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक महिला के दो बच्चे हैं। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक महिला के पिता देवीसहाय ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव आजाद नगर जिला झज्जर का निवासी है। उसकी बेटी सोनी कुमारी की शादी 10 साल पहले दीपक निवासी खेड़ा के साथ की थी। उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक लड़का व एक लड़की है। बेटी सोनी कुमारी की दिमागी हालत कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। इसी कारण उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 20 फरवरी को उसे सूचना लगी कि उसकी लड़की ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

### व्यक्ति की अचानक हुई मौत से मचा कोहराम

**महेंद्रगढ़।** राजस्थान के जिला झुन्झुनूं निवासी एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के बेटे नवीन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह राजस्थान के कसोठडा जिला झुंझुनूं का निवासी है। 20 फरवरी की रात्रि को उसके पिता नफेसिंह की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। पिता को वह ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद पिता नफेसिंह को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने

### अटेली कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय अटेली की 41वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 21 व 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सैनी ने बताया कि वार्षिक खेलकूद गतिविधि के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि रहेंगे। खेलकूद प्रतियोगिताओं में विभिन्न प्रकार की रेस, हाई जंप्स, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 22 फरवरी को होगा।

### सिहमा में क्रिकेट प्रतियोगिता 25 को

**मंडी अटेली।** बाबा खेतानाथ जन सेवा फाउंडेशन के द्वारा प्रथम वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता 25 फरवरी को राजीव गांधी खेल स्टेडियम सिहमा में आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए संदीप यादव ने बताया कि यह क्रिकेट प्रतियोगिता ब्लाक में ऐतिहासिक होगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खास उत्साह दिख रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता के खेल आपके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसके जरिए लोग शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रह सकते हैं।

*शहर में टाइल्स बिछाने का कार्य हुआ शुरू*

# स्टेट हाईवे के दोनों साईड शहर में बिछाई जाएंगी टाइल्स, सौदर्यकरण को मिलेगा बढ़ावा, टाइल्स बिछाने के बाद अवैध कब्जे से मिलेगी निजात

- पहले शहर के मुख्य कट के समीप टाईल लगाने का था प्लान, अब पूरे शहर में बिछाई जाएंगी टाईल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

एचएसआरडीसी की ओर से स्टेट हाईवे पर सौदर्यकरण को बढ़ावा देने के लिए शहर के अंदर दोनों तरफ इंटर लॉकिंग टाईल बिछाई जाएंगी। टाईल बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है। टाईल बिछाने का कार्य पूरा होने के बाद स्टेट हाईवे पर अवैध कब्जे से निजात मिलेगी।



18 महेंद्रगढ़। शहर के सतनाली चौक के समीप टाईल बिछाते श्रमिक। फोटो :

बता दें कि यहां के लोगों को एक दशक से दादरी-महेंद्रगढ़ नारनौल स्टेट हाइवे के फोरलेन बनने का इंतजार रहा। नारनौल की सीमा में गांव कुक्सी तक तथा इधर दादरी की सीमा में भी इसका निर्माण वर्षों पहले हो चुका था। महेंद्रगढ़ शहर व नांगल सिरोही में इस मार्ग के हालात बद से बदतर हो गए थे। इस मार्ग पर करीब से दो-दो फीट के गहरे गड्ढे हो चुके थे। सड़क की हालात खस्ता होने के कारण शहर के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। वहीं व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो गया था। सड़क में गहरे गड्ढे होने के कारण नारनौल से महेंद्रगढ़ का करीब 20 किलोमीटर का सफर तय करने में वाहन चालकों को एक घंटे का समय लग जाता था। दिसंबर 2023 में महेंद्रगढ़ की सीमा में छोड़े गए स्टेट हाइवे को लगभग 300 करोड़ रुपये से फोरलेन बनाने का काम शुरू हुआ था, जिसका लगभग काम पूरा हो गया है। महेंद्रगढ़ शहर के अंदर भी इस मार्ग पर लगभग एक वर्ष पहले कार्य पूरा हो चुका है।

#### दोनों तरफ बिछाई जाएंगी टाइल्स

एचएसआरडीसी की ओर से पहले स्टेट हाइवे से मेन कटों पर ही टाइलिंग की गई थी, परंतु अब विभाग ने स्टेट हाइवे के दोनों ओर पूरे शहरी क्षेत्र में इसके लिए काम शुरू कर दिया है। स्टेट हाइवे पर दोनों ओर अधिकांश लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार मिट्टी व मलबा डाल लिया था, जिसके चलते मार्ग पर बरसाती पानी भरने के साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानियां आने लगी थी। अब स्टेट हाइवे 148 बी फोरलेन के साथ-साथ दोनों ओर नाले व रोड के बीच खाली जगह पर इंटर लॉकिंग टाइलें लगाई जा रही है। इससे यह मार्ग साफ-सुथरा होने के साथ-साथ शहर के सौदर्यकरण बढ़ावा मिलेगा। वहीं इस मार्ग पर बरसाती पानी खड़ा होने की समस्या से निजात मिल जाएगी। टाइल रोड बनने से जहां मार्ग की चौड़ाई बढ़ेगी तथा अवैध कब्जों से निजात मिलेगी।

#### शहर के सौदर्यकरण को मिलेगा बढ़ावा

एचएसआरडीसी के एक्सईएन सोमबीर दहिया ने बताया कि स्टेट हाईवे पर रिवासा फ्लाईओवर से लघु सचिवालय तक सड़क के दोनों तरफ टाईल लगाई जाएंगी। इससे शहर के सौदर्यकरण को बढ़ावा मिलेता तथा इस मार्ग पर अवैध कब्जों से भी निजात मिलेगी।

## कनीना चुनावः एसडीएम ने निष्पक्ष व शांतिपूर्वक चुनाव को लेकर दी जरूरी हिदायत

# 10413 मतदाता करेंगे चेयरमैन और पार्षदों के भाग्य का फैसला

नपा चुनाव को लेकर मीडियाकर्मी पेड न्यूज व भ्रामक खबरों से बचें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

आगामी दो मार्च को होने वाले नगर पालिका चुनाव का नामांकन व चुनाव चिह्न अलाट करने का पहला चरण विधिवत पूरा होने के बाद चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने नगर पालिका कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में पेड न्यूज व भ्रामक प्रचार से बचने ओर चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कनीना में 14 वार्ड के लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाजया लिया जा चुका है। अभी तक कोई क्रीटीकल या संवेदनशील बूथ नहीं बनाया गया है, फिर भी किसी बूथ पर जरूरत पड़ी तो अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। नगर में 14 वार्डों के लिए कुल 10413 मतदाता हैं। जिनमें 5376 पुरुष व 5037 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि जाने अनजाने में पेड न्यूज को स्थान न दिया जाए और न ही चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गलत व भ्रमक जानकारी इंटरनेट मीडिया या प्रिंट ओर इलेक्टोनिक मीडिया में न दी जाए, जिससे चुनाव कार्य प्रभावित होता हो। अधिकारियों की टीम भी चुनाव कार्य को लेकर लगातार मोनिटरिंग करेगी। वार्ड नम्बर एक से मंजू व निर्मला, दो से सुनील कुमार व दीपक सिंह, तीन से उषा यादव, सुमेर सिंह व थान सिंह, चार से अंजू, रेखा रानी, रेखा व प्रियंका सोनी, पांच से कमल यादव, राजकुमार व पंचम यादव, छह से हेमराज, संदीप कुमार व राकेश कुमार, सात से उषा देवी, राजेश देवी व कमला देवी, आठ से नीलम कुमारी व पूजा, नौ से राजेश कुमार, सजन सिंह, नितेष गुप्ता, पूनम कुमार व दीपक कुमार, 10 से नितिन, योगेश व अनिल कुमार, 11 से होशियार सिंह व रविंद्र कुमार, 12 से राखी कुमारी, पूनम यादव व सुमन देवी, 13 से ममता, प्रदीप यादव, सुबेसिंह व देशराज, 14 से राजेंद्र सिंह व अनूप यादव चुनाव मैदान में है।



**कनीना।** बैठक में प्रत्याशियों व चुनावी एजेंटों से बातचीत करते एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत। *फोटो : हरिभूमि*

#### चेयरमैन के लिए सात उम्मीदवार

चुनाव मैदान में सात प्रत्याशी चेयरमैन पद व 41 प्रत्याशी वार्ड मेम्बर के रूप में हैं। जिनके लिए मतदान होना है। दो मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छः बजे तक मतदान होगा। चुनाव मैदान में सुमन देवी, सरिता सिंह, रिंपी कुमारी, कुसुमलता, संतोष देवी, सबिता देवी व सुमन सहित सात महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। जिनमें मुकाबला माना जा रहा है। इसी प्रकार 14 वार्डों के मुकाबले 41 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनकी ओर से चुनाव प्रचार किया जाने लगा है।

#### 12 मार्च को होगी मतगणना

चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि 12 मर्च को सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतगणना की जाएगी। इस मौके पर चुनावी कानूनगो पूनम सिंह, विक्रम सिंह, लेखाकार मनोज कुमार व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

#### प्रत्याशी आपसी भाईचारा खराब न करें

चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने नपा कार्यालय के सभागार में प्रत्याशियों, उनके एजेटों के साथ बैठक कर चुनाव सम्बंधी जरूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में आपसी भाईचारा खराब न हो इस बात का ध्यान रखा जाए। प्रत्याशी व्यक्तिगत व जातिगत आरोप प्रत्यारोप से बचें और पूर्व की भांति सद्भाव का परिचय दें। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी चुनावी खर्चे का ब्योरा रखें और इसके लिए अलग से खाता खुलवाएं। इसके लिए एक्सपेंडिचर आब्जर्वर संजय शर्मा को नियुक्त किया गया है, जो खर्चे पर नजर रखेंगे।

# फांसी का फंदा लगाने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सैन चौक के समीप रह रहे राजस्थान के एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी मुताबिक गांव खोहरा कलां जिला दौसा राजस्थान वासी करीब 30 वर्षीय मुकेश कुमार शहर के मोहल्ला सैन चौक के समीप रह रहा था। वह यहां रोजगार के सिलसिले में रह रहा था, लेकिन अज्ञात कारणों के चलते उसने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने परिजनों के बयान पर आवश्क कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया, जिस पर वह शव को अपने साथ मृतक के पैतृक गांव खोहरा कलां लेकर चले गए।

#### बीमारी से महिला की मौत

**नारनौल।** गांव बीगोपुर निवासी सुमन पत्नी महीपाल की आकस्मिक मौत हो गई। वह करीब 40 साल की थी। सुमन की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए नारनौल अस्पताल लेकर आए थे, जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने गांव ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# सिर दर्द होने से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महज सिर में दर्द शुरू होने एवं फिर तेज बुखार चढ़ने की वजह से करीब 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी मुताबिक गांव मढ़ा, तहसील कांकोली जिला धौलपुर राजस्थान का रहने वाला करीब 28 वर्षीय मनोज कुमार कनीना में रहता था और टाइलों एवं पत्थरों का मिस्त्री था। बीती शाम को जब वह काम से लौटा तो उसने अपने नजदीकी लोगों को सिरदर्द होना बताया। इसके बाद उसे तेज बुखार भी हो गया।

जिस पर कनीना में ही अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। घबराए परिजन उसे नारनौल लेकर आए, लेकिन वह बच न सका और उपचार के दौरान प्राण त्याग दिए। इस मौत से परिजनों में मातम छा गया। मृतक शादीशुदा था तथा उसके तीन बच्चे हैं।

# दहेज हत्या मामले में आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

दहेज हत्या के आरोप में वीरवार को न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी ने आरोपित पति को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार नसीबपुर भेज दिया। आरोप है कि 13 फरवरी को गांव गोठड़ी में लक्ष्मी की उसके पति, सास, ससुर व दो ननदों ने दहेज की मांग के चलते हत्या कर दी। राजस्थान के गांव खेड़की वीरबान निवासी टिंकू सैन ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्र लक्ष्मी की शादी करीब एक वर्ष पूर्व गोठड़ी गांव में दीपक के साथ की थी। जिसमें उसने अपने सामर्थय के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन शादी के कुछ माह बाद लक्ष्मी का पति दीपक, उसका ससुर रमेश सैन, सास रेणु व ननद दीपांशी तथा कोमल ने उसे दो लाख रुपये लाने के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि लक्ष्मी 27 जनवरी को उसके ताऊ के पोता होने पर कुंआ पूजन में गई थी। जिसके साथ उसकी ननद कोमल गई थी तथा उसके बाद नौ फरवरी को उसकी दूसरी ननद दीपांशी उसे उसके गांव लेकर गई थी, तब भी उन्होंने दो लाख रुपये की मांग की थी। इसके तीन दिन बाद 13 फरवरी को उन्हें सूचना मिली की लक्ष्मी की मृत्यू हो गई है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार लक्ष्मी की मृत्यु फांसी लगने के कारण हुई है। लक्ष्मी के पिता टिंकू ने पुलिस में शिकायत की। जिस पर थाना नांगल चौधरी में दहेज हत्या के अपराध के आरोप में 14 फरवरी को एफआईआर दर्ज की।

#### सास, ससुर व ननदों की गिरफ्तारी नहीं

उक्त मुकदमा में पुलिस ने आरोपित पति दीपक को गिरफ्तार करके वीरवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अभी तक सास, ससुर व ननदों की गिरफ्तारी नहीं की है।

### सड़क हादसे में पति पत्नी घायल

**महेंद्रगढ़।** गांव जोनावास से आगे पेट्रोल पंप के पास पीछे से एक गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ति ने पुलिस थाने में शिकायत देकर गाड़ी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव गडानियां निवासी महेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। 14 फरवरी को वह अपनी पत्नी गूंजन का महेंद्रगढ़ में ईलाज करवाकर वापस घर लौट रहा था। जब वह दोपहर गांव जोनावास से आगे एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो पीछे से एक गाड़ी तेज रफ्तार से आई और उन्होंने साइड में चल रही बाइक को टक्कर मार दी।

# खाटूश्याम मेलाः 10 जोड़ी रेलसेवाओं में साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रेलवे मंत्रालय की ओर से राजस्थान के सीकर में खाटूश्यामजी मेला 2025 के यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 10 जोड़ी रेलसेवाओं में साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी 28 फरवरी से 15 मार्च तक रहेगी। यह जानकारी उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने दी।

#### यह है 10 जोड़ी रेलसेवाएं

| गाड़ी संख्या | रेलसेवा मार्ग | डिब्बों की संख्या |
|---|---|---|
| 19617/19618 | मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा | 05 |
| 19620/19619 | रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा | 05 |
| 59632/59631 | रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा | 05 |
| 19622/19621 | रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा | 05 |
| 59630/59629 | फुलेरा-जयपुर-फुलेरा रेलसेवा | 05 |
| 09635/09636 | जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा | 05 |
| 14705/14706 | भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी | 01 |
| 14725/14726 | भिवानी-मथुरा-भिवानी रेलसेवा | 01 |
| 54794/54793 | मथुरा-सवाईमाधोपुर-मथुरा रेलसेवा | 01 |
| 14795/14796 | भिवानी-कालका-भिवानी रेलसेवा | 01 |

# लंबे समय तक चालान नहीं भरने वालों के खिलाफ सख्ती, 47 वाहनों को किया डिटेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

ट्रैफिक नियम तोड़ने के बाद चालान नहीं भरने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की ओर से सख्ती की जा रही है। चालान कटने के 90 दिन तक कोई चालान नहीं भरता है, तो उसका वाहन पुलिस की ओर से डिटेन किया जा रहा है और चालान भरने के बाद ही वाहन को छोड़ा जा रहा है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की ओर से इस बारे में आमजन को 10 फरवरी तक चालान भरने के लिए जागरूक किया गया था। इसके बाद से पुलिस की ओर से सख्ती की जा रही है। ट्रैफिक थाना प्रभारी के अलावा सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को निर्देश जारी किए गए थे। जिनके तहत 90 दिन में कोई चालान नहीं भरता है, तो उसके वाहन को डिटेन कर 167 (8) एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। ट्रैफिक पुलिस की ओर से वाहन चैकिंग के दौरान ऐसे वाहन चालकों को रोककर उनके वाहनों को डिटेन कर चालान भरवाए जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की ओर से 200 से अधिक वाहनों को रूकवाकर चैक किया गया। जिनमें 47 ऐसे वाहन पाए गए जिनके चालान काफी समय से पेंडिंग थे। ट्रैफिक पुलिस की ओर से इन वाहनों को डिटेन कर चालान भरवाने की प्रक्रिया कराई गई।

#### निर्धारित समय में भरना होगा चालान

इस नए नियम के तहत वाहन चालकों को निर्धारित समय में चालान का भुगतान करना अनिवार्य होगा। अगर कोई व्यक्ति 90 दिन के अंदर चालान नहीं भरताए तो उसकी गाड़ी ट्रैफिक पुलिस द्वारा डिटेन कर ली जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से कहा कि सभी लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें और चालान भरने में देरी न करें ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**प्रतियोगिता परीक्षा** पात्र छात्र-अध्यापकों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करें: बोर्ड सचिव

*हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली डीएलएड परीक्षा की तिथि निर्धारित*

# डीएलएड परीक्षा के प्रवेश पत्र हुए लाइव, 3 मार्च से होगी आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली डीएलएड रि-अपीयर/मर्सी चांस परीक्षा मार्च-2025 के प्रवेश-पत्र वीरवार से लाईव कर दिए गए हैं। सभी संस्थान/कॉलेज के प्राचार्य/मुखिया संस्था की लॉग-इन आईडी से तिथि-पत्र अनुसार पात्र छात्र-अध्यापकों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। डीएलएड प्रवेश वर्ष 2020-2022, 2021-2023 के छात्र-अध्यापकों की मर्सी चांस एवं प्रवेश-वर्ष 2022-2024 प्रथम व द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) व प्रवेश-वर्ष 2023-2025 प्रथम वर्ष (रि-अपीयर) पात्र छात्र-अध्यापकों की परीक्षाएं तीन मार्च से आरम्भ हो रही हैं। इस परीक्षा में प्रदेशभर से करीब 5070 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट होंगे।

इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा ने बताया कि सभी छात्र-अध्यापकों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर दिए गए लिंक से सम्बन्धित संस्था अपना यूजर आईडी पासवर्ड प्रयोग कर डाउनलोड कर सकते हैं। सम्बन्धित छात्र-अध्यापक अपने प्रवेश-पत्र बारे संस्था से सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि छात्र-अध्यापक प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) पर दर्शाए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढक़र/समझकर उनकी पालना करना सुनिश्चित करें। सभी छात्र-अध्यापक को अपने आधार कार्ड/फोटो आईडी में अपने विवरणों को अपडेट करना आवश्यक होगा। बिना अपडेशन परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

#### बोर्ड सचिव ने दिए निर्देश

डीएलएड (रि-अपीयर/मर्सी चांस) परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 से सम्बन्धित बाह्य प्रायोगिक परीक्षाएं सम्बन्धित जिले की डाइट एवं आन्तरिक प्रायोगिक परीक्षा सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों में संचालित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षण संस्थाएं आंतरिक एवं बाह्य प्रायोगिक मूल्यांकन व एसआईपी के अंक ऑनलाइन 27 मार्च से चार अप्रैल तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक से भर सकते हैं।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स



बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

## गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

## रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

## ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई



ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।

## जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

## अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *



### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल

बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलरः** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

## मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *




-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

# घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप–टप, टप–टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।


घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

# सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

## रंग भरो-169

**रंग भरो-169** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



दिशांत, महेंद्रगढ़



सानवी, रायपुर



प्रगति, बिलासपुर



चहक, ईमेल से



सौम्य, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

## रंग भरो 170



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-
संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। स्टेम मेले में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### राजकीय विद्यालय खैरोली में स्टेम मेला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरोली में वीरवार को गणित एवं विज्ञान विषय पर आधारित स्टेम मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्य मदनलाल रहे। विद्यार्थियों ने इस मेले में अपने-अपने मॉडल बनाए, इस दौरान विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने विज्ञान व मैथ के प्रति काफी जागरुकता देखने को मिली। प्राचार्य मदनलाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान विषय को अधिक रुचिकर बनाने का प्लेटफार्म है, जो एससीईआरटी हरियाणा द्वारा संचालित है।

### यदुवंशी में सम्मान समारोह 22 को

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में सम्मान समारोह का आयोजन 22 फरवरी को किया जाएगा। कार्यक्रम में यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सम्मान समारोह को एक त्योहार के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें कक्षा नर्सरी से तीसरी तक फ्री शिक्षा, खुले आसमान स्कीम के तहत यदुवंशी के सदस्य बनने वाले विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाल कलाकार अपनी प्रतिभा के माध्यम से अतिथियों का स्वागत करेंगे।

### स्वामी धर्मानंद की याद में कार्यक्रम 3 मार्च से

**नाहड़।** खंड नाहड़ के गांव गुर्जरवास स्थित शांति निकेतन आश्रम में स्वामी धर्मानंद सरस्वती महाराज की याद में 4 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ तथा मेले का आयोजन भी होगा। सरपंच कृष्ण कुमार, स्वामी धर्मानंद सरस्वती कमेटी के प्रधान हरीश नंबरदार, सुंदर सिंह, रिंकू पहलवान व गुरदयाल सिंह ने बताया कि संतों के अलावा नाहड़, गुर्जरवास, लुखी बिसोहा, गांवड़ी, गढ़ी, कोहारड़, भड़ंगी व नयागांव से हजारों की तादाद में श्रद्धालु बाबा के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

गंदगी पर लगा रहता है आवारा पशुओं का जमघट, लोग परेशान

# मार्केट कमेटी अटेली में गंदगी का अंबार, प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली मार्केट कमेटी प्रशासन की लापरवाही के कारण नई अनाज मंडी में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे वहां रहने वाले लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में नारनौल-रेवाड़ी रोड की दीवार के साथ-साथ दूर तक गंदगी पसरी हुई है।

गंदगी से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। व्यापारियों और निवासियों ने कई बार इस मुद्दे को उठाया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। मंडी में रहने वाले दलीप मिस्त्री, डॉ. देवेंद्र, नीरज, योगेश, डॉ. नवीन, सज्जन सिंह, अजीत बिहाली, डॉ. नरेंद्र व डॉ. सत्यदेव ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार मार्केट कमेटी सचिव को अवगत करवाया है, लेकिन उनकी ओर से केवल आश्वासन ही मिले हैं। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं, क्योंकि गंदा पानी जमा होकर बदबू फैलाता है और बीमारियों को न्योता देता है। सरकार जहां स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई को प्राथमिकता दे रही है। वहीं अटेली की नई अनाज मंडी की स्थिति इस अभियान की पोल खोल रही है। मार्केट कमेटी सचिव सुनीता ने बताया कि जल्द सफाई अभियान चलाकर इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा। फिर भी अगर कोई भी व्यक्ति कूड़ा कचरा डालता पाया जाता है तो उसको नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।



मंडी अटेली। अनाज मंडी के पास नारनौल-रेवाड़ी रोड की दीवार के समीप पड़ा कूड़ा कचरा। फोटो: हरिभूमि

## गहली की बेटी ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण

- नीतू स्त्री रोग विशेषज्ञ बनने के लिए मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल




गांव गहली की बेटी नीतू ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब एमबीबीएस पास नीतू स्त्री रोग विशेषज्ञ बनने के लिए मुम्बई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करेगी। आपको बता दें कि नीतू ने इसी वर्ष एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। नीतू एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। उसके पिता महिपाल जटराणा आर्मी से रिटायर्ड है। छोटा भाई नवीन भी एम्स ऋषिकेश से एमबीबीएस कर रहा है। नीतू का चयन हरियाणा में एएमओ पद पर हो चुका है, जिसका परिणाम अभी कुछ दिन पहले ही आया था।

इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। इस संबंध में गहली वासी जाट महासभा के जिला प्रधान विजयपाल एडवोकेट ने खुशी जताते हुए बताया कि गांव की बेटी ने यह मुकाम हासिल कर क्षेत्र व जिला का नाम रोशन किया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि शिक्षा के बिना जीवन व भविष्य अंधकार में है, ऐसे में शिक्षा को हर संभव तरीके से ग्रहण करें। इससे परिवार, गांव, क्षेत्र, जिला व प्रदेश आगे बढ़ेगा। इस मौके पर सरपंच मनजीत कुमारी, माता सती वेल्फेयर समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली, राजेंद्र जटराणा, धर्मपाल जटराणा, मालाराम थानेदार, रामफल फौजी, उत्तम सिंह, अजीत सिंह, विक्रम पंच, डा. कर्ण सिंह, बिरेंद्र नंबरदार, जगदेव जाखड़, चरणसिंह, उमेद सिंह, दिलबाग सिंह, कर्मबीर, अमित, देवेंद्र, संदीप व राजबीर सहित गांव के लोगों ने खुशी जताई है।

## यदुवंशी में मनाया गया विश्व सामाजिक न्याय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन वीरवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया गया, जिसके लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा समुदाय बनाकर अध्यापकों ने विद्यार्थियों से जुड़कर, वास्तविक दुनिया की समस्याओं और विभिन्न दृष्टिकोणों पर चर्चा की। दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करना व सभी लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करना था। प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज की नींव है, जो सभी के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करता है। सामाजिक न्याय में समानता, एकजुटता और मानवीय गरिमा जैसे मौलिक मूल्य शामिल है, जिसका उद्देश्य निष्पक्ष समाज बनाना है। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। हर किसी के पास इतने न्यूनतम संसाधन होने चाहिए कि वे उत्तम जीवन व्यतीत कर सके।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर आउटस्टेंडिंग लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



हरियाणा केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को प्रतिष्ठित कॉलेज दुनिया एक्सिलेंस अवार्ड-2024 के चेप्टर 4.0 में आउटस्टेंडिंग लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान शिक्षा, नेतृत्व कुशलता एवं अध्यापन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति के रूप में लगभग छह वर्षों तक कार्य किया। साथ ही उन्होंने चौधरी बंसीलाल विवि भिवानी और दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि मुरथल सोनीपत का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। उन्होंने विवि को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाई। इसी क्रम में कुलपति ने अवार्ड प्राप्त करने के बाद कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सभी सहभागियों के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजनागत रूप से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते आयोजक।

### प्रतियोगिता के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**नारनौल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढाणा में मुख्याध्यापक सुनील कुमार की अध्यक्षता में जल संरक्षण व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सचिन ने प्रथम, भूमिका ने द्वितीय, ईशानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खंड संसाधन संयोजक इंद्रजीत ने बताया कि आज बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हुए प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के साथ इसकी गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वच्छता पर ध्यान देना होगा, क्योंकि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही उनकी शिक्षा को प्रभावित करती है। सभी को अपने पेयजल कनेक्शन नालियों से बाहर रखने चाहिए और टूंटी लगानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार का दूषित जल या जहरीला जीव पेयजल लाइन के अंदर ना जा सके। हमारी नासमझी बच्चों के स्वास्थ के लिए हानिकारक हो सकती है और उनकी पढ़ाई बाधित हो सकती है। इसलिए जल स्त्रोतों के पास व सार्वजनिक जगह पर गंदगी न डाले। इस अवसर बच्चों ने भविष्य के लिए जल संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया।

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव का उद्घाटन चेयरमैन रूपराम यादव द्वारा किया गया, जबकि प्रिंसिपल रामवीर यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित इस स्पोर्ट्स मीट में विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल, शॉट पुट, बैडमिंटन, फुटबॉल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में खेलों की सफल व्यवस्था एवं संचालन में सुनील डीपीई चंद्रभान, विक्रम मराठा, मिडल हेड सुजान सिंह सहित अन्य शिक्षकों और खेल प्रशिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रिंसिपल रामवीर यादव ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि मानसिक विकास और टीम वर्क की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।



महेंद्रगढ़। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



## विज्ञान प्रदर्शनी में हिमांशी तो पेंटिंग प्रतियोगिता में पीयूष ने मारी बाजी

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को पेंटिंग व विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मिडिल विंग कोर्डिनेटर स्नेहलत्ता ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से पीयूष ने प्रथम, करण ने द्वितीय व हिमानी ने तृतीय, कक्षा सातवीं से पायल ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय व प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा छठी से तरूण ने प्रथम, विशाखा ने द्वितीय व समीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान प्रदर्शनी ने हिमांशी की टीम ने प्रथम, खुशी की टीम ने द्वितीय व तमन्ना की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## इंदिरा गांधी विव के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में छात्राओं ने छोड़ी छाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली की चार छात्राओं ने हाल ही में हुए बीए तृतीय सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में टॉप 10 में जगह बनाई है। तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ज्योति ने 351 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, सरिता ने 346 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, सानिया ने 342 अंक प्राप्त कर छठा स्थान, मोहिनी ने 341 अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया। टॉप करने वाली इन सभी छात्राओं को महाविद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रवीण यादव ने महाविद्यालय स्टॉफ की कड़ी मेहनत को सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। इसके साथ साथ प्राचार्य ने सभी छात्राओं को निरन्तर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



मंडी अटेली। टॉप 10 में जगह बनाने वाली छात्राओं के साथ महाविद्यालय स्टाफ।



महेंद्रगढ़। दंत जांच शिविर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो: हरिभूमि

### हकेंवि में दंत जांच शिविर आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वीरवार से दो दिवसीय दंत जांच शिविर की शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, यूथ रेडक्रॉस, भारत स्काऊट एंड गाइड्स के सहयोग से विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में आयोजित इस हेल्थ कैंप में जिंदल डेंटल एंड इंप्लांट सेंटर की विशेषज्ञ डॉ. दिव्या जिंदल उपस्थित रही। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ दांत बेहद आवश्यक है और हम सभी को दांतों की देखभाल के प्रति सजग रहना चाहिए। अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से विश्वविद्यालय सहभागी दांतों की देखभाल के महत्त्व को समझेंगे। विशेषज्ञ डॉ. दिव्या जिंदल ने दांतों की जांच की और मुंह की स्वच्छता से संबंधित आवश्यक परामर्श व उपचार की जानकारी दी।

## राजकीय विद्यालय में स्टीम मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय माध्यमिक विद्यालय धोली में वीरवार को गणित एवं विज्ञान विषय पर आधारित स्टीम मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने द्वारा तैयार किए गए मॉडल व प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई, जिसका मार्गदर्शन विज्ञान अध्यापिका ममता कुमारी ने किया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि मुख्याध्यापिका मुकेश देवी व एबीआरसी प्रीति कुमारी ने विद्यार्थियों से जोड़ मशीन, सम विषम संख्या, मानव उत्सर्जन तंत्र, मानव लंग्स, मानव पाचन तंत्र, ज्वालामुखी, टपका सिंचाई एवं जल संशोधन संयंत्र सहित अनेक विषयों पर सवाल करके उनके पढ़ाई के स्तर को जांचा, जिसका विद्यार्थियों ने अधिकतर सवालों का सही जवाब दिया। विज्ञान अध्यापिका ममता कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान विषय को अधिक रुचिकर बनाने का प्लेटफार्म है।



महेंद्रगढ़। मॉडल व प्रोजेक्ट का अवलोकन करती मुख्यातिथि।

### परिवार गुरुग्राम में बंद मकान में चोरी की

**नारनौल।** गांव खटोटी खुर्द में एक बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात हुई है। इस मकान के लोग गुरुग्राम रहते है। जब गांव लौटे तो मकान के ताले टूटे हुए मिले। इस संबंध में पुलिस को सूचित करने पर सीन आफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वहीं पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305,331(4) के तहत केस दर्ज किया है। गहली पुलिस चौकी में दी शिकायत में पीड़ित दीपक भारद्वाज ने बताया कि वह परिवार सहित गुरूग्राम रहता है। पैतृक मकान गांव खटोटी खुर्द में है। वह परिवार सहित तीन फरवरी को वापस घर पर आकर गए थे। उसके बाद बुधवार को घर पर आए थे। उस वक्त मकान के ताले टूटे हुए मिले औश्र अंदर का सामान बिखरा हुआ मिला। मकान से दो सोने की नथ, पांच जोड़ी पायजेव चांदी, दो जोड़ी सोने की कानों की बाली, 20 सिक्के चांदी के, 100 ग्राम के तीन चांदी के सिक्के और करीब 80 हजार रुपये नगद चोरी होने पाए गए है।

कार्यक्रम | किसानों को कम पानी की खपत वाली फसलों के लिए किया प्रोत्साहित

# जल एवं भूमि संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग की ओर से वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मौरुंड में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं परियोजना प्रबन्धक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटरशैड विकास कॉम्पोनेंट 2.0 के तहत वॉटरशैड यात्रा वैन के माध्यम से लोगों को कृषि सिंचाई योजना व जल एवं भूमि संरक्षण के बारे में जागरूक किया। कृषि विज्ञान केंद्र महेन्द्रगढ़ से वरिष्ठ संयोजक एवं कृषि वैज्ञानिक डा. जयलाल ने बताया कि इस वॉटरशैड यात्रा अभियान का शुभारंभ केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री व कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पांच फरवरी को मध्य प्रदेश से किया था। यह वॉटरशैड यात्रा वैन देश भर के सभी प्रदेशों के उन सभी गांवों में जल एवं भूमि संरक्षण जागरूकता के लिए जाएगी, जिनमें इस समय वॉटरशैड परियोजनाएं संचलित हैं। उन्होंने किसानों को कम पानी की खपत वाली फसलें करने के बारे में प्रोत्साहित किया। साथ ही किसानों को आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि के साथ पशु पालन अपनाने के बारे में जानकारी दी। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी महेंद्रगढ़ डा. भयराम यादव ने बताया कि केवल कार्यक्रम में आने से जल संरक्षण के लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकते, बल्कि इस कार्यक्रम में बताई गई जल एवं भूमि संरक्षण की जानकारी पर अमल करने से व जल संरक्षण को अपनी आदतों में शामिल करने से होगा। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी पारस ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटरशैड विकास कॉम्पोनेंट 2.0 स्कीम के बारे में विस्तार से बताया तथा इस स्कीम के तहत होने वाले कार्य व इस स्कीम का मुख्य लक्ष्य जल एवं भूमि संरक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर ममाज टीम के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण व समाज हित के कार्यों के बारे में जागरूक किया तथा सरपंच को पौधे भेंट किए। कुरुक्षेत्र से आए शिव शक्ति कला मंच के लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, वाटरशैड स्कीम व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय से कृषि विकास अधिकारी रविप्रकाश, राजेश चौधरी, कपिल कटेवा, सोनू, केला कुमारी व दीक्षा के अलावा गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।



नारनौल। पौधारोपण कर जल एवं भूमि संरक्षण का संदेश देते आयोजक अन्य। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान देती डॉ. अदिति देव। फोटो: हरिभूमि

## हकेंवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कैंपस से करियर तक विषय पर केंद्रित इस विशेषज्ञ व्याख्यान में एसआरएम विश्वविद्यालय सोनीपत की सह-आचार्य डॉ. अदिति देव विशेषज्ञवक्ता के रूप में उपस्थित रही। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों को सफल करियर के लिए तैयार करने में ऐसे आयोजन के महत्त्व की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शिक्षा-उद्योग के बीच की खाई को कम करना बहुत आवश्यक है। डॉ. अदिति देव ने विद्यार्थियों को उद्योग विकास और लगातार विकसित हो रहे रोजगार के क्षेत्र में निरंतर अपस्किलिंग की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना ने ज्ञानवर्धक सत्र के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### रामलीला परिषद् में नवनिर्मित भवन का 23 को होगा उद्घाटन

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद् प्रांगण में मंच के दाईं तरफ बने नए भवन का उद्घाटन रविवार को किया जाएगा। कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा, उपप्रधान रामचंद्र जांगड़ा व सचिव दलीप गोस्वामी ने बताया कि श्री रामलीला परिषद् प्रांगण में मंच के दाईं तरफ एक नए भवन का निर्माण परिषद् द्वारा समाजसेवी नवीन गोयल पंसारी के सहयोग से उनकी माताजी स्व. शांति देवी धर्मपत्नी स्वतंत्रता सेनानी स्व. मोहन लाल गोयल की पुण्य स्मृति में करवाया गया है। नवनिर्मित भवन में दो कमरे, एक हॉल और शौचालय का निर्माण किया गया है। इस भवन का उद्घाटन 23 फरवरी को मुख्यातिथि पूर्व शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री रामबिलास शर्मा के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

### बाइक चोरी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव हुमायुंपुर निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। मोहल्ला हसनपुरा बावल निवासी रूद्र कुमार ने गत 1 फरवरी रात को अपनी बाइक को रूप प्लेस बावल के सामने खड़ी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया है।

### श्री श्याम बाबा का जागरण एवं भंडारा 22 को

**कुंड।** खंड खोल के गांव खालेटा के श्री श्याम मंदिर में आगामी 22 फरवरी को श्री श्याम बाबा का जागरण एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खोल पंचायत समिति चेयरमैन गोमती पंवार होंगी। भगत हरिकिशन ने बताया कि 19 फरवरी को 11 कुंडीय हवन यज्ञ होगा, 21 फरवरी को मूर्ति स्थापना होगी।

# घी-चीनी व्यापारी के प्रतिष्ठान व मकान पर इनकम टैक्स टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में घी एवं चीनी व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर वीरवार सुबह इनकम टैक्स की टीम पहुंची। सर्वे करने वाले इनकम टैक्स के अधिकारियों ने अनाज मंडी में स्थित प्रतिष्ठान व मौहल्ला गुरूनानकपुरा में बड़े गुरूदारे के ठीक पीछे बने मकान में पहुंचे और दिनभर छानबीन की। समाचार लिखे जाने तक शाम सात बजे तक भी इनकम टैक्स की यह टीम अपनी कार्रवाई में जुटी हुई थी। वीरवार सुबह करीब आठ बजे चार गाड़ी अनाज मंडी पहुंची। बताया जा रहा है इसमें पंचकूला से इनकम टैक्स से जुड़े आठ से 10 अधिकारी और चार से पांच बीएसएफ जवान भी थे। उस वक्त दर्शनलाल अशोक कुमार फर्म की यह घी व चीनी की दुकान बंद थी। यह दृश्य देख इस टीम से दो गाड़ी मौहल्ला गुरूनानकपुरा में बड़े गुरूद्वारे के ठीक पीछे बने मकान पर सुबह करीब साढ़े आठ बजे पहुंची। मकान के बाहर बीएसएफ जवान को तैनात कर दिया गया। अंदर इनकम टैक्स की टीम गई। उस वक्त फर्म संचालक नहीं था। सूचना मिलने के बाद सिटी पुलिस पहुंची।

### कई दिनों से बाहर है व्यापारी

इस रेड की चर्चा जब शहर में फैली तो लोगों का जमावड़ा लग गया। लेकिन मकान व दुकान के बाहर तैनात बीएसएफ जवान की सख्ताई के आगे लोग रूक नहीं सके। वहीं दुकान व मकान के आस पड़ोस में रहने वाले लोगों का कहना था कि व्यापारी कई दिनों से नारनौल शहर में नहीं है। इस व्यापारी का व्यापार छत्तीसगढ़ व दिल्ली में भी है। लोगों के अनुसार हितैष मदान कई दिनों से फर्म व मकान पर भी दिखाई नहीं दिया है। जब इस संबंध में रेड मारने आई टीम सदस्यों से बातचीत करनी चाही तो उन्होंने कुछ भी जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया।



नारनौल। मकान के बाहर तैनात बीएसएफ जवान। फोटो : हरिभूमि

## बाजार में उतरी टीम, कई दुकानदारों का सामान जब्त किया

# नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, 16 दुकानदारों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर परिषद टीम ने वीरवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान नप टीम ने नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल की अगुआई में 16 दुकानदारों के चालान किए। वहीं अभियान के दौरान कई दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। बता दें कि शहर के मुख्य बाजार में महावीर चौक से पुल बाजार तक दुकानदारों ने सड़क पर सामान रख रखा था। जिसके कारण बाजार का लगभग 30 फीट का रास्ता मुश्किल से 10 फीट ही बच रहा था। ऐसे में दोनों तरफ से दुकानदारों की ओर से 10-10 फीट तक अतिक्रमण कर रखा था। जिसको हटाने के लिए नगर परिषद टीम की ओर से यह अभियान चलाया गया।

इससे पहले बाजार में दुकानों के आगे सामान रखने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन चेतावनी के बाद भी जब दुकानदार नहीं माने तो अभियान चलाकर उनका सामान जब्त किया गया। नगर परिषद टीम ने अतिक्रमण करने पर 16 दुकानदारों के चालान काटे हैं। जिन पर लगभग 5300 रुपये का जुर्माना लगाया गया।





नारनौल। बाजार में दुकानदारों की ओर से किया गया अतिक्रमण व अतिक्रमण हटाने पहुंची नप की टीम। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते है ईओ

नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल ने बताया कि बाजार में दुकानदारों की ओर से अतिक्रमण किया हुआ था। जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। वहीं मुख्य रास्ते पर किए गए अतिक्रमण की वजह से जाम भी लगता था। जिसके चलते अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### महेंद्रगढ़ नगर पालिका टीम ने फ्लैक्स हटाए




**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका की टीम ने वीरवार को शहर के मुख्य सड़कों पर अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग को उतारने की कार्रवाई की गई। छोटे-बड़े करीब सैकड़ों फ्लैक्स पर छपे विज्ञापन उतारे गए। अभियान के तहत कैंची मोड से राव तुलाराम चौक, बस स्टैंड रोड, रेलवे फ्लाईओवर तक के डिवाइडर के बीच में लगे विज्ञापन फ्लैक्स हटाए गए। इस दौरान सभी फ्लैक्स को भी उतरवाने के आदेश दिए गए। बता दें कि नगर पालिका को अवैध विज्ञापनों से भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानदार बिना किसी अनुमति के यूनीपोल, होर्डिंग और बैनर लगाकर विज्ञापन कर रहे हैं, लेकिन नगर पालिका को कोई टैक्स नहीं दे रहे हैं। नगर पालिका की ओर से समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध विज्ञापनों को हटाया जाता है। व्यवसायियों, शैक्षणिक संस्थाओं और राजनीतिक दल, दुकानदार द्वारा अपने प्रचार-प्रसार करने के लिए सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर भी बिना अनुमति के विज्ञापन पोस्टर आदि लगे हुए हैं। इसी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन की ओर से यह कार्रवाई की गई। नपा सचिव प्रशांत पराशर ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सड़कों पर अवैध रूप से लगाए गए फ्लैक्स आदि को नहीं लगवाया जाएगा। आने वाले कुछ दिनों में नगर के मुख्य मार्गों के अलावा अन्य स्थानों पर भी अवैध कब्जा को पूरी तरह से हटाने का कार्य किया जाएगा। इससे कि आम लोगों को होने वाली किसी भी तरह की परेशानी से निजात मिल सके। इसके अलावा कोई दुकानदार बार-बार अतिक्रमण करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाएगा।



नारनौल। नाका लगाकर वाहन की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने की स्पेशल नाकाबंदी वाहनों को गहनता से जांचा

- चैकिंग के दौरान कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निपटने, अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम हेतु तुरंत कार्रवाई के लिए सीलिंग प्लान के तहत जिले विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चैकिंग की गई। चैकिंग पार्टियों ने वाहनों को चैक कर बिना कागजात वाले वाहन चालकों के चालान किए।

पुलिस ने बुधवार देर शाम जिलेभर में स्पेशल चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की सघनता से चैकिंग की और अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का चालान किया। सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर चैकिंग लगाकर वाहनों को चैक किया।

इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, नंबर प्लेट व वाहनों की डिग्गी आदि की चैकिंग की। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देश पर चलाए गए स्पेशल चैकिंग अभियान में पुलिस ने मुख्य सड़कों के अलावा प्रमुख चौराहों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहनों को रोककर उनके कागजात जांचे। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों को खुलवाकर सर्च भी किया। चैकिंग के दौरान कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी मिले, जिनकी सघनता से चैकिंग की गई।

# झुग्गी झोपड़ियों और भट्ठों पर चेकिंग की, बाहरी श्रमिकों से जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की ओर से जिलेभर में सभी थाना चौकी के क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। सभी थाना व चौकियों की पुलिस टीमों ने उनके क्षेत्र में रह रहे बाहरी श्रमिकों से जानकारी ली गई तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे गए। अभियान के तहत पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित की तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। इसके साथ ही पुलिस ने वाहनों के कागजातों की भी जांच की।

एसपीपूजा वशिष्ठ के दिशानिर्देशों में जिलेभर में सभी थाना व चौकी के क्षेत्र में पुलिस टीमों ने सर्च अभियान चलाया। अभियान में टीमों ने संदिग्ध स्थानों, झुग्गी, झोपड़ियों, भट्ठों आदि पर जांच की और संदिग्धों से पूछताछ भी की। इस दौरान क्षेत्र में बस्तियों व झुग्गी झोपड़ियों, भट्ठों की तलाशी ली गई। किसी भी आपराधिक वारदात के बाद संदिग्धों के छुपे होने की संभावना वाले सभी स्थानों की जांच की गई। एसपी पूजा वशिष्ठ ने बताया कि बाहरी लोगों की पहचान के लिए अभियान चलाया गया व आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं, उनकी पहचान सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाए जा रहे हैं।



नारनौल। चैकिंग अभियान चलाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। डीएमसी का चार्ज संभालने वाले एडीसी आनंद शर्मा से मिलते संगठन का शिष्टमंडल। फोटो :हरिभूमि

### समस्याओं के समाधान के लिए डीएमसी से मुलाकात

- वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल के शिष्टमंडल ने शहर की समस्याओं से करवाया अवगत

**नारनौल।** शहर की समस्याओं के निराकरण को लेकर वरिष्ठ नागरिक संगठन सक्रिय है। वीरवार इस संगठन के एक शिष्टमंडल ने डीएमसी का चार्ज संभालने वाले एडीसी आनंद शर्मा से मुलाकात की। इस शिष्टमंडल में संगठन प्रधान दुलीचन्द शर्मा, संरक्षक अजीत प्रकाश जैन, महासचिव मुखराम सैनी और कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह यादव रहीश शामिल थे इस दौरान जिला नगर आयुक्त आनंद शर्मा आईएएस को बुका भेंट करके शिष्टमंडल ने स्वागत किया। इस औपचारिक भेंट मे शहर की ज्वलंत समस्याओं जैसे शहर में पार्किंग की व्यवस्था का न होना, हुडा सैक्टर मे बन रही सड़कों के साथ-साथ नाली का प्रावधान करना, सैनिक विश्राम गृह के पास हटाए गए डिवाइडर का पुनः निर्माण करवाना व उस पर लाइट का लगाना समस्या के विषय पर चर्चा की गई। यह सुनने के बाद जिला नगर आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद नारनौल में दो पार्किंग बनवाई जा रही हैं, जिसमें एक पार्किंग बाहर की और एक परिषद की होगी। अन्य समस्याओं पर भी उचित कार्यवाई करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल भी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण व साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन वीरवार को प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में ग्राम पटीकरा में स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। प्रेस प्रवक्ता डा. चंद्र मोहन ने बताया कि शिविर में सुबह के सत्र की शुरूआत प्रोग्राम ऑफिसर डा. पलक की अगुआई में व्यायाम व योगाभ्यास से हुई। प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर डा. सतीश सैनी ने बताया कि सुबह के सत्र में साइबर क्राइम सुरक्षा सेल से हेड इंचार्ज इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में व महिला सुरक्षा टीम इंस्पेक्टर शारदा की अगुवाई में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साइबर सेल के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया तथा साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे जागरूक किया। वहीं पुलिस महिला सुरक्षा टीम ने महिला सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में जागरूक किया। इंस्पेक्टर शारदा देवी ने बताया कि जिले में लड़कियां बेखौफ होकर शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आए। प्रोग्राम अधिकारी डा. जयपाल सिंह ने बताया कि शिविर में कैंडिडेट्स ने सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कैडेट्स को साइबर सुरक्षा जागरूकता शपथ दिलाई। महिला सुरक्षा टीम इंचार्ज सिमरनजीत ने भी बसों में सावधानी से यात्रा और महिलाओं की सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। संध्या सत्र में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी प्रोफेसर डा. पवन शर्मा व महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर डा. पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस इस सत्र में देशभक्ति थीम पर एकल गायन व समूह गायन का आयोजन किया गया।



नारनौल। शिविर में भाग लेते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर संबोधित करते अधिवक्ता रमेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर जागरूकता शिविर लगाया

- हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वीरवार को जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला कल्याण विभाग के सहयोग से गांव सुरानी में विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता रमेश कुमार ने कहा कि हर साल 20 फरवरी के दिन विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद सभी नागरिकों के बीच समानता और न्याय को बढ़ावा देना है। व्यक्ति का धर्म, लिंग या कोई भी जाति हो उसे समान अधिकार देने और सामाजिक असमानता, भेदभाव, बेरोजगारी व मानवाधिकारों के हनन जैसे मुद्दों को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज की महानता इस बात से आंकी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर वर्ग के साथ कैसा व्यवहार करता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का अर्थ है, सबको समान अवसर देना। दुनिया में बढ़ते भेदभाव के कारण यह दिन गरीबी, लिंग, शारीरिक भेदभाव व धार्मिक भेदभाव को खत्म करने का प्रयास करता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**सेवाभाव** रोटरी क्लब सेवा में आगे, 10 रुपये में करवा रहा भर पेट भोजन

# 400 जरूरतमंदों को भोजन करवाया

- बाबूलाल अग्रवाल व उनकी पत्नी निर्मला देवी ने पोते गर्वित के जन्मदिन पर की जरूरतमंदों की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महावीर चौक स्थित रोटरी क्लब की ओर से संचालित रोटरी रसोई में पिछले करीब पांच वर्ष से प्रतिदिन मात्र 10 रुपये में लोगों को भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसमे रोटरी सदस्यों के अलावा क्षेत्र के अन्य शिक्षित व समपन्न परिवार भी अपना विशेष सहयोग प्रदान कर सेवा देते रहते हैं। रोटरी क्लब के प्रधान विनोद चौधरी की अध्यक्षता में नांगल चौधरी शहर के समाजसेवी बाबूलाल अग्रवाल व उनकी पत्नी निर्मला देवी ने उनके पोते गर्वित के तीसरे जन्मदिन के अवसर पर रोटरी रसोई में खास व्यंजन बनवाए व करीब 400 जरूरतमंदों को भोजन करवाया। भोजन सेवा में विशेष सहयोग प्रदान करने पर उनको रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान नरेश गोगिया, रोटरी मेम्बर पवन गुप्ता ने सम्मानित किया। इस अवसर पर भोजन सेवा करते हुए कहा कि अन्नदान महादान की श्रेणी में आता है। जरूरतमंद लोगों का पेट भरने से अधिक पुण्य कार्य कुछ और नहीं है। रोटरी सिटी के पूर्व प्रधान नरेश गोगीया ने बताया कि शाखा रोटरी क्लब के अन्तर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई केन्द्र भी क्लब की ओर से खोला गया है।

असहाय निर्धन जरूरतमंदों के लिए रोटरी रसोई के अलावा शहर में श्मशान भूमि दूर होने से अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा में पार्थिव शरीर को शांति धाम पंहुचाने हेतु मोक्ष वाहन की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर बाबूलाल अग्रवाल, निर्मला देवी, गोपी, नरेश गोगिया, पवन गुप्ता आदि मौजूद थे।



नारनौल। रोटरी रसोई में भोजन वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि